आज (28 सितंबर 2021) के महत्वपूर्ण वन लाइनर करेंट अफेयर्स

- लेफ्टिनेंट जनरल **गुरबीरपाल सिंह** ने **27 सितंबर, 2021** से **राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)** के **34वें महानिदेशक के** रूप में पदभार ग्रहण किया है।
- **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय** के साथ मिलकर **प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (PMFME) योजना के औपचारिकीकरण के** तहत **सीड कैपिटल मॉड्यूल** लॉन्च किया है।
- **नागालैंड के मीठे खीरे** को आधिकारिक तौर पर भारत के **भौगोलिक संकेतक** रजिस्ट्रार **(GI)** द्वारा प्रमाणित किया गया है।
- **सूचना तक सार्वभौमिक पहुंच हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस (सूचना तक पहुंच दिवस)** हर साल **28 सितंबर** को समान, स्वस्थ और समावेशी ज्ञान समाजों के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु मनाया जाता है।
- शतरंज खिलाड़ी, **मैग्नस कार्लसन** को **मास्टरकार्ड का वैश्विक ब्रांड एंबेसडर** नियुक्त किया गया है।
- घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी **ICRA** ने **FY 2021-22 (FY22) के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर** को संशोधित कर **9%** कर दिया है।
- टीम इंडिया के तीरंदाजों ने 20 से 26 सितंबर 2021 तक **अमेरिका के यांकटन** में आयोजित **2021 विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप** में तीन रजत पदक जीते।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, **भारती प्रवीण पवार** ने नई दिल्ली में आयोजित **चौथे भारत-अमेरिका स्वास्थ्य संवाद** में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- इंग्लैंड क्रिकेट ऑलराउंडर **मोइन अली (34 वर्षीय)** ने टेस्ट मैच करियर से संन्यास की घोषणा की है।
- **DRDO** ने **एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR), चांदीपुर, ओडिशा** से **'आकाश प्राइम'** नामक आकाश मिसाइल के नए संस्करण की पहली परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक आयोजित की है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 76वें सत्र** को संबोधित किया।
- **इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (IGL)** ने **दक्षिण दिल्ली नगर निगम (SDMC)** के साथ **दिल्ली में** अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु MoU पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि वाहनों के लिए ईंधन के रूप में उपयोग हेतु **नगर के ठोस अपशिष्ट को संपीड़ित बायोगैस (CBG) में परिवर्तित किया जा सके।**
- **राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW)** ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने हेतु डेयरी फार्मिंग में देशव्यापी प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है।

इतिहास में आज

- मनुष्यों और जानवरों पर रेबीज के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने, बीमारी को रोकने व रेबीज को नियंत्रित करने के बारे में जानकारी देने हेतु प्रतिवर्ष **28 सितंबर** को **विश्व रेबीज दिवस** मनाया जाता है ।

67th BPSC/CDPO Bihar Special: Geography Preparation Tips, Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: Polity Preparation Tips, Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: Environment & Ecology Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: Art and Culture Preparation Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: CSAT Preparation Tips, Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: History Preparation Tips, Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: Economy Preparation Tips, Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: Monthly Current Affairs Magazine (Free PDF)
Surprise 🥳🎁| 67th BPSC/CDPO सुदर्शन चक्र : Complete Study Material Package Free PDFs
Improve Your Writing Skill Via Joining: Weekly Writing Competition
One-liners: Get Complete Highlights of the Day

byjusexamprep